





दिल्ली पुलिस समाचार पत्रिका

फरवरी अंक 2026



प्रमुख झलकियाँ

1 दिल्ली पुलिस सप्ताह 2026

2 पुलिस-जनता संपर्क

3 सम्मान और उपलब्धियाँ

4 प्रमुख खुलासे और कार्रवाई

5 उत्तम दृष्टिकोण एवं नवाचार

6 कृतज्ञतापूर्ण विदाई





संदेश

सतीश गोलछा
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

सादर अभिवादन!

फरवरी का महीना दिल्ली पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि हम हर वर्ष 16 फरवरी को दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस मनाते हैं। इस वर्ष दिल्ली पुलिस स्थापना की 79वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में भव्य स्थापना दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सेफ सिटी परियोजना के प्रथम चरण का उद्घाटन किया, जिसमें पुलिस मुख्यालय में आधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर सेंटर (C4I) शामिल है। साथ ही उन्होंने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के लिए एक अत्याधुनिक नए मुख्यालय का ई-शिलान्यास भी किया, जिसमें इंडोर फायरिंग रेंज, वॉर रूम, साइबर लैब, प्रशिक्षण हॉल सहित कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परिसर देशभर के पुलिस बलों के लिए एक आदर्श स्पेशल सेल मुख्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दिल्ली पुलिस की दस अन्य नई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान, पुलिस की समृद्ध विरासत, उपलब्धियों और नागरिक केंद्रित पहलों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे पुलिस और जनता के बीच संबंध और मजबूत हुए। इस सप्ताह में कई विषय-वस्तु आधारित कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें राजधानी में स्थित तमाम पुलिस भवनों को प्रकाशित करना, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दिल्ली पुलिस बैंड की प्रस्तुतियां, तथा विभिन्न स्थानों पर दिल्ली पुलिस की मार्चिंग टुकड़ियों द्वारा मार्च-पास्ट शामिल रहे।

इस सप्ताह की अन्य प्रमुख झलकियों में जनसंपर्क वाहन के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान, दिल्ली गली ओलंपिक्स (ग्रामीण खेल पहल), जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर पॉडकास्ट, कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित मेगा प्रदर्शनी, जिसमें दिल्ली पुलिस के इतिहास, आधुनिकीकरण और पहलों को प्रदर्शित किया गया, साथ ही संगीत संध्या और कवि सम्मेलन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

इसी अवधि के दौरान, भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित "इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट" के लिए हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की, जिसमें वैश्विक नेता, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान सुदृढ़ सुरक्षा तैनाती, उन्नत निगरानी प्रणाली और सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के माध्यम से कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया, साथ ही आम जनता की सुगम आवाजाही को भी सुनिश्चित किया गया।

आइए, हम सभी मिलकर अपने संकल्प और प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएं और समर्पण, कुशलता और संवेदनशीलता के साथ दिल्ली के नागरिकों की निरंतर सेवा करते रहें।

जय हिंद!

दिल्ली पुलिस सप्ताह 2026

नई पुलिस लाइन्स, किंग्सवे कैंप में दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस परेड

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 16 फरवरी 2026 को नई दिल्ली के किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि स्थापना से लेकर आज तक दिल्ली पुलिस ने शांति, सेवा और न्याय के अपने संकल्प को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस हमेशा अग्रणी रही है और अपने कर्तव्यों का निर्वहन उत्कृष्टता और सफलता के साथ करती आई है।

इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एकीकृत मुख्यालय तथा 10 अन्य नई परियोजनाओं का ई-शिलान्यास किया, साथ ही सेफ सिटी परियोजना के प्रथम चरण का उद्घाटन भी किया। उन्होंने आधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर सेंटर (C4I) को दिल्लीवासियों को समर्पित किया, जो आने वाले समय में दिल्ली की सुरक्षा को और मजबूत करेगा।



माननीय केंद्रीय गृह मंत्री परेड का निरीक्षण करते हुए

इसके अलावा, उन्होंने गणतंत्र दिवस 2025 और स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर प्रदान किए गए 'विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक' के प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया। साथ ही 'सर्वश्रेष्ठ थाना' श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले थानाध्यक्षों को उनकी कार्यकुशलता और रखरखाव के आधार पर ट्रॉफी प्रदान की।



दिल्ली पुलिस आयुक्त माननीय केंद्रीय गृह मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में दिल्ली पुलिस प्रदर्शनी

सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में दिल्ली पुलिस प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन

पुलिस सप्ताह समारोह के अंतर्गत, दिल्ली पुलिस के कार्यों, उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति एवं सामुदायिक पहलों को प्रदर्शित करने हेतु सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में 20 से 23 फरवरी 2026 तक एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

दिल्ली पुलिस प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन 20 फरवरी 2026 को माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, विशिष्ट अतिथि, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

इस मौके पर माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली ने एंटी-नारकोटिक टास्क फोर्स (ANTF) के वेब पोर्टल का शुभारंभ किया तथा ANTF के प्रतीक चिन्ह (Logo) का अनावरण भी किया।



माननीय उपराज्यपाल द्वारा सेंट्रल पार्क में दिल्ली पुलिस प्रदर्शनी का उद्घाटन







दिल्ली पुलिस आयुक्त ने माननीय उपराज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया

प्रदर्शनी में ऑपरेशन मिलाप, ऑपरेशन कवच और ऑपरेशन साइ हॉक जैसी प्रमुख पहलों को प्रदर्शित किया गया, जिनके माध्यम से गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, अपराध की रोकथाम तथा साइबर अपराध नियंत्रण के प्रयासों को दर्शाया गया।



प्रदर्शनी में स्कूली बच्चे POCSO गैलरी देखते हुए

स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़े विशेष सेक्शन में एआई आधारित प्रेडिक्टिव और प्रिवेंटिव पुलिसिंग तकनीकों के उपयोग को भी प्रदर्शित किया गया।



इसके अतिरिक्त, गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली पुलिस की टुकड़ियों द्वारा जीती गई ट्रॉफियों को भी प्रदर्शनी में रखा गया, जो पुलिस बल के अनुशासन और पेशेवर उत्कृष्टता को दर्शाते हैं।

दर्शकों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को आकर्षित करने के लिए इंटरैक्टिव गेम्स और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से साइबर फ्रॉड, साइबर हाइजीन और एंटी-नारकोटिक्स कानूनों के प्रति जागरूकता भी फैलाई गई।

प्रदर्शनी में स्कूल के बच्चों द्वारा दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियगिताओं में चयनित पेंटिंग्स, कविताएं और निबंध भी प्रदर्शित किए गए। इसके साथ ही पुलिस फैमिलीज वेलफेयर सोसाइटी (PFWS) द्वारा लगाए गए स्टॉल पर विभिन्न कल्याणकारी उत्पाद भी आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराए गए।



प्रदर्शनी में स्कूली बच्चे खेलों का आनंद लेते हुए



PHQ में सरदार वल्लभभाई पटेल के त्रि-आयामी रेखाचित्र का अनावरण



अनावरण किए गए त्रि-आयामी चित्र के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर

दिल्ली पुलिस मुख्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल के त्रि-आयामी रेखाचित्र का अनावरण

दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस (16 फरवरी 2026) के अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा ने जय सिंह रोड स्थित पुलिस मुख्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल के भव्य रेखाचित्र का अनावरण किया। यह चित्र मुख्यालय भवन के सामने कांच की ऊँची संरचना पर स्थापित एक आकर्षक 32 फीट ऊँचा 3D इंस्टॉलेशन है, जो भवन की बाहरी सतह को विशेष गरिमा प्रदान करता है।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय के स्वागत कक्ष में एक मॉडल ट्रॉफी विट्रिन का भी अनावरण किया। यह विट्रिन विशेष रूप से "देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना" ट्रॉफी को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है, जो उत्कृष्ट पुलिसिंग और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी दर्शाते हुए, इस मौके पर पुलिस आयुक्त द्वारा मुख्यालय परिसर में एक पौधा रोपण भी किया गया।



दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा PHQ में ट्रॉफी विट्रिन का उद्घाटन

पीसीसी और सीवीआर के लिए टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन का शुभारंभ

दिल्ली पुलिस की तकनीकी पहल को सशक्त बनाने के क्रम में, पुलिस आयुक्त ने 16 फरवरी 2026 को पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (PCC) और कैरेक्टर वेरिफिकेशन रिपोर्ट (CVR) के लिए एक नई वेब एवं टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन का शुभारंभ किया, जिसे अब आम जनता के उपयोग के लिए लागू कर दिया गया है। यह एप्लिकेशन जनता को एक सुरक्षित, पारदर्शी और कुशल डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है, जिससे सेवाओं की उपलब्धता में सुधार होगा और प्रक्रियाएं अधिक सरल एवं तेज़ हो सकेंगी।



दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा PCC एवं CVR टैब आधारित एप्लिकेशन का शुभारंभ

जेजे प्रीमियर लीग का उद्घाटन

दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा ने 16 फरवरी को न्यू पुलिस लाइंस (NPL) के परेड ग्राउंड स्थित शॉर्ट फायरिंग रेंज में जेजे प्रीमियर लीग (टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री रविंद्र यादव, स्पेशल सीपी/एल एंड ओ (ज़ोन-I) तथा दिल्ली पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। जेजे प्रीमियर लीग को युवाओं में शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने, उन्हें नशे और मादक पदार्थों के दुरुपयोग से दूर रखने तथा अपराध और अवैध गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक सकारात्मक पहल के रूप में शुरू किया गया है।





दिल्ली पुलिस आयुक्त, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था, ज़ोन-I) एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त/उत्तरी रेंज द्वारा टीम जर्सी का अनावरण





JJ प्रीमियर लीग के फाइनल में दिल्ली पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल







PFWS की अध्यक्ष एवं दिल्ली पुलिस आयुक्त 'काव्यांजलि' कवि सम्मेलन में दीप प्रज्वलित करते हुए

"काव्यांजलि" – दिल्ली पुलिस के शहीदों को समर्पित कवि सम्मेलन

दिल्ली पुलिस सप्ताह समारोह के अंतर्गत 20 फरवरी 2026 को लाल किला के प्रांगण में "काव्यांजलि" नामक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे। श्रीमती रचना गोलछा, अध्यक्ष, पुलिस फैमिली वेलफेयर सोसाइटी (PFWS) ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कवि सम्मेलन में प्रतिष्ठित हिंदी कवियों ने भाग लिया, जिनमें दिल्ली पुलिस के दो कार्यरत एसीपी भी शामिल थे। कवियों ने अपने भावपूर्ण काव्य-पाठ के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान किया। यह कार्यक्रम पुलिस और जनता के बीच संबंधों को सुदृढ़ बनाने में भी मददगार साबित हुआ।



मिशन री-कनेक्ट – आपके फोन की घर वापसी की कहानी

22 फरवरी 2026 को दिल्ली पुलिस सप्ताह के अंतर्गत बाहरी-उतरी ज़िले की टीम द्वारा "मिशन री-कनेक्ट" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग ₹4 करोड़ मूल्य के 1,850 चोरी एवं गुम हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। इन मोबाइल फोनों को टीम द्वारा रिकॉर्ड समय 40 दिनों के अंदर सफलतापूर्वक ढूंढ कर बरामद किया गया।



दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा खोया हुआ फोन असली मालिक को लौटते हुए

इस क्रम में दिनांक 19.02.2026 को भी दिल्ली पुलिस के परिवहन रेंज द्वारा डीसीपी/मेट्रो कार्यालय परिसर, कश्मीरी गेट में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 155 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे गए। दिल्ली पुलिस के परिवहन रेंज ने "मिशन रीकनेक्ट 3.0 - योर फोन्स जर्नी बैक होम" के अंतर्गत चोरी/खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस अभियान के तहत कुल 580 मोबाइल फोन (जिसमें मेट्रो यूनिट के 266, रेलवे के 188 तथा आईजीआई एयरपोर्ट के 126) बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत ₹1.25 करोड़ से अधिक है। इस अवसर पर श्री मिलिंद महादेव डुम्बरे, संयुक्त पुलिस आयुक्त/परिवहन रेंज, श्री कुशल पाल सिंह, पुलिस उपायुक्त/मेट्रो तथा श्री विचित्र वीर, पुलिस उपायुक्त/आईजीआई एयरपोर्ट उपस्थित रहे।

"नौकरी से आगे बढ़कर सेवा" – दक्षिण- पूर्वी ज़िले द्वारा रक्तदान शिविर

दिल्ली पुलिस सप्ताह के 79वें आयोजन के उपलक्ष्य में, दक्षिण-पूर्व ज़िले की दिल्ली पुलिस ने कानून-व्यवस्था से ऊपर सेवा की भावना को दर्शाते हुए 20 फरवरी 2026 को सरिता विहार थाने में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर एम्स अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों की देखरेख में सभी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया गया। इस शिविर के दौरान 100 से अधिक यूनिट का रक्तदान किया गया, जो आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है और यह हमारी चिकित्सा तैयारियों को भी सुदृढ़ करता है।



दक्षिण-पूर्वी ज़िले में रक्तदान शिविर आयोजित

दिल्ली पुलिस सप्ताह 2026 की झलकियां
(16 फरवरी से 22 फरवरी)

सात दिन, सात संकल्प: सेवा, सुरक्षा और सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाना

वर्ष 2026 में दिल्ली पुलिस सप्ताह को "सात दिन, सात संकल्प" विषय के अंतर्गत मनाया गया, जिसमें आधुनिक पुलिसिंग के आधारभूत मूल्यों—सेवा, सुरक्षा, समर्पण, साहस, संवेदना, सतर्कता और सहयोग—को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

सप्ताह भर विभिन्न जिलों और इकाइयों में जनसंपर्क कार्यक्रम, जागरूकता अभियान और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे दिल्ली पुलिस और नागरिकों के बीच संबंध और मजबूत हुए। इस दौरान दिल्ली पुलिस बैंड की प्रस्तुति, पुलिस भवनों का प्रदीपन, जनसंपर्क वाहनों के माध्यम से जागरूकता अभियान, खेल प्रतियोगिताएं और सामुदायिक कार्यक्रमों ने उत्सव को और जीवंत बनाया।



दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों में रक्तदान शिविर आयोजित



दिन 1 – सेवा

निष्काम जनसेवा का संकल्प

समारोह की शुरुआत **"सेवा – निष्काम जनसेवा का संकल्प"** विषय के साथ हुई, जो दिल्ली पुलिस की मूल भावना को दर्शाता है।

इस अवसर पर विभिन्न जिलों और पुलिस इकाइयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ये शिविर पुलिस के मानवीय पक्ष को उजागर करते हैं, जो कानून-व्यवस्था से परे समाज की सेवा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



दिन 2 - सुरक्षा

सुरक्षा और जागरूकता के माध्यम से भरोसा और मजबूत

इस दिन महिलाओं और युवतियों को आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशल सिखाने हेतु विभिन्न जिलों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं। साथ ही छात्रों के लिए पुलिस स्टेशनों के अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे उन्हें पुलिस व्यवस्था और कार्यप्रणाली की जानकारी मिली। पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद और पुलिस संरचना को नजदीक से देखने से छात्रों में जागरूकता बढ़ी और पुलिस-जनता के बीच मेलजोल की भावना का विकास हुआ।



दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों में आत्मरक्षा कार्यशालाएं आयोजित

दिन 3 - समर्पण

कर्तव्य सर्वोपरि

तीसरे दिन **"समर्पण"** विषय के तहत पुलिस कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे उनकी सुरक्षा और कल्याण के प्रति दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बुजुर्गों से संवाद कर उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को समझा और उन्हें स्थानीय पुलिस से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।





वरिष्ठ नागरिकों के साथ अधिकारियों की बैठक



दिन 4 - साहस

हर चुनौती का डटकर सामना

दिल्ली पुलिस सप्ताह के चौथे दिन, **"साहस"** विषय के अंतर्गत विभिन्न जिलों में सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों एवं बैठकों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों का समाधान करना तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देना था। इसके साथ ही, गली ओलंपिक्स एवं जेजे कॉलोनियों में ग्रामीण खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो एवं रस्साकशी जैसे पारंपरिक खेल शामिल थे। इन कार्यक्रमों से युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा मिला तथा पुलिस-जन संपर्क सुनिश्चित हुआ।



आरडब्ल्यूए एवं एमडब्ल्यूए के साथ बैठक

दिन 5 - संवेदना

पुलिसिंग का मानवीय चेहरा

पाँचवां दिन **"संवेदना"** विषय के अंतर्गत, दिल्ली पुलिस के मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण को प्रमुखता दी गई। इस पहल के तहत विभिन्न ज़िलों में Eyes & Ears तथा प्रहरी बैठकों का आयोजन किया गया, जिससे सामुदायिक सतर्कता को और मजबूत किया जा सके। इन बैठकों में स्थानीय निवासी, आरडब्ल्यूए (RWA) के सदस्य तथा स्वयंसेवक शामिल हुए, जो अपने-अपने क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस का सहयोग करते हैं। इन सत्रों के दौरान जागरूकता फिल्में भी प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य नागरिकों को अपराध की रोकथाम के प्रति जागरूक करना और पुलिस के साथ सहयोग बढ़ाना था।





विभिन्न स्थानों पर प्रहरियों के साथ समन्वय मीटिंग



दिन 6 – सतर्कता

जागरूकता और तत्परता

छठे दिन **"सतर्कता"** विषय पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता और उससे जुड़ी तैयारियों के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न ज़िलों में खेल प्रतियोगिताओं और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे पुलिस कर्मियों में टीमवर्क, अनुशासन और शारीरिक दक्षता को बल मिला। इस तरह की पहल न केवल परिचालन तत्परता बनाए रखने के महत्व को दर्शाती हैं, बल्कि एक स्वस्थ और प्रेरित पुलिस बल के निर्माण में भी सहायक हैं। साथ ही, नागरिकों को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने और नई उभरती सुरक्षा चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

दिन 7 – सहयोग

पुलिस-जन साझेदारी का सशक्तिकरण

दिल्ली पुलिस सप्ताह के अंतिम दिन **"सहयोग"** विषय पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें सुरक्षित शहर के निर्माण में पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों एवं थानों में जनसंपर्क कार्यक्रमों और सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया गया। इन संवादों के माध्यम से नागरिकों को स्थानीय समस्याओं, सुरक्षा उपायों और पुलिस की पहलों पर अपने विचार साझा करने का अवसर मिला। साथ ही पुलिस अधिकारियों ने भी जनता की चिंताओं को सुना और उनके समाधान के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर चर्चा की।





दिल्ली पुलिस को शुभकामनाएं

दिल्ली पुलिस सप्ताह–2026 के अवसर पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के सराहना संदेश

दिल्ली पुलिस सप्ताह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने दिल्ली पुलिस के समर्पण, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की अथक सेवा, पेशेवर प्रतिबद्धता और जनहित के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं तथा हमारे सभी प्रयासों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन प्रदान करते है।

















पुलिस जनता संपर्क

दिल्ली पुलिस मुख्यालय में नशा मुक्ति पर कार्यशाला-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दिल्ली पुलिस ने शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के सहयोग से 9 फरवरी 2026 को पुलिस मुख्यालय, जय सिंह रोड, नई दिल्ली स्थित आदर्श सभागार में नशा मुक्ति विषय पर कार्यशाला-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों से 300 से अधिक शारीरिक शिक्षा शिक्षक/प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के कार्यक्रम अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। साथ ही कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे दिल्ली के 1,000 से अधिक सरकारी एवं निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में अपने-अपने विद्यालयों से ऑनलाइन जुड़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री देवेश चंद्र श्रीवास्तव, आईपीएस, विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध और धारणा प्रबंधन एवं मीडिया प्रकोष्ठ) ने शिक्षकों को नशीले पदार्थों के विभिन्न नामों एवं रूपों के बारे में जागरूक किया तथा उनसे सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों में हुए अचानक व्यवहार परिवर्तन, मूड स्विंग, गोपनीयता बढ़ना और सामाजिक दूरी जैसे संकेतों की भी पहचान करने की सलाह दी। शिक्षकों से युवाओं को नशे के खतरों के प्रति जागरूक करने, परिवार में खुला संवाद बनाए रखने तथा छात्रों को रचनात्मक गतिविधियों और सकारात्मक रुचियों की ओर प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



मुख्य वक्ता श्री डी.सी. श्रीवास्तव, विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) सह-जागरूकता कार्यक्रम में NSS अधिकारियों को संबोधित करते हुए



श्री संजय त्यागी, जनसंपर्क अधिकारी, दिल्ली पुलिस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए



अस्मिता समूह द्वारा प्रभावशाली प्रस्तुति



छात्रों को नशे से दूर रहने, साथियों के दबाव का विरोध करने, आवश्यकता पड़ने पर समय रहते मदद लेने और जोखिम में पड़े सहपाठियों का सहयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही उन्हें नशा विरोधी ई-प्रतिज्ञा लेने और उसका पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्मिता थिएटर ग्रुप द्वारा 'नुक्कड़ नाटक' का मंचन भी किया गया, जिसने नशे के दुष्प्रभावों और समाज पर उसके नकारात्मक प्रभाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस पहल के माध्यम से दिल्ली पुलिस का उद्देश्य शिक्षकों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना, स्कूलों में नशा विरोधी जागरूकता फैलाना तथा बच्चों को इसके गंभीर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना है।



नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

साइबर जागरूकता कार्यक्रम

दक्षिणी रेंज द्वारा 20 फरवरी 2026 को अगस्त क्रांति मार्ग, हौज़ खास स्थित NCUI सभागार में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था), ज़ोन-II, दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़े 475 से अधिक सदस्य—जिनमें RWA/MWA के सदस्य, प्रहरियों और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त दक्षिण रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त, सभी उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त, सभी सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि श्री ईशान सिन्हा, साइबर विशेषज्ञ ने PPT प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने आम जनता को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया।

इसके साथ ही एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसमें उभरते साइबर खतरों और उनसे बचाव के तरीकों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया।







मुख्य अतिथि श्री मधुप तिवारी, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था, ज़ोन-II) ने हितधारकों को संबोधित किया

सम्मान और उपलब्धियां

माननीय केंद्रीय एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को उनकी विशिष्ट एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (Distinguished Service) से सम्मानित किया गया।



सुश्री गरिमा भटनागर,
विशेष पुलिस आयुक्त



श्री सागर प्रीत हुड्डा,
विशेष पुलिस आयुक्त



श्री आसिफ मोहम्मद अली,
अतिरिक्त पुलिस आयुक्त



श्री सोम नाथ परुथी,
सहायक पुलिस आयुक्त



श्री संजय दत्त,
सहायक पुलिस आयुक्त



श्री सतेंद्र यादव,
उप निरीक्षक

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना पुरस्कार प्रदान किए गए।



द्वितीय स्थान
थाना शाहदरा



तृतीय स्थान
थाना बाड़ा हिंदू राव

फिर नंबर 1

दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में तकनीक के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फरवरी माह में CCTNS के कार्यान्वयन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह लगातार चौथा महीना है जब दिल्ली पुलिस को तकनीक-आधारित पुलिसिंग पहलों और डेटा प्रबंधन में अग्रणी भूमिका के लिए प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया।



द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस T-20 क्रिकेट टूर्नामेंट (उत्तर ज़ोन) में दिल्ली पुलिस विजेता

दिल्ली पुलिस क्रिकेट टीम ने हरियाणा के करनाल में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस T-20 क्रिकेट टूर्नामेंट (उत्तर ज़ोन) के फाइनल में RPF टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने शानदार और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया।



विजेता ट्रॉफी के साथ दिल्ली पुलिस क्रिकेट टीम

दिल्ली पुलिस के बल्लेबाज मनीष ढिल्लों ने 41 गेंदों पर 63 रनों की शानदार पारी खेली। उनके उत्कृष्ट और मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' के साथ-साथ 'बेस्ट बैट्समैन' का पुरस्कार भी दिया गया।

फाइनल मुकाबले में दिल्ली पुलिस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, जो टीम की उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक है।

दिल्ली पुलिस का गौरव

विशेष शाखा, पश्चिमी ज़ोन, दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त एएसआई नरेंद्र पाल ने फरवरी 2026 में केरलम के तिरुवनंतपुरम में आयोजित 46वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 01 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अपने नाम किए। यह उपलब्धि दिल्ली पुलिस के लिए गर्व का विषय है।



सेवानिवृत्त एएसआई नरेंद्र पाल को स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन

थाना शाहबाद डेयरी, बाहरी उत्तरी ज़िला के हेड कांस्टेबल कुलदीप एवं कांस्टेबल नीरज को उनकी असाधारण बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन प्रदान किया गया है। साथ ही उनके लिए गैलेंट्री अवॉर्ड की भी संस्तुति की गई है।

दोनों पुलिसकर्मियों ने एक सशस्त्र आदतन अपराधी को पकड़ते समय हिंसक झड़प के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया और ड्यूटी के दौरान चाकू से घायल होने के बावजूद पीछे नहीं हटे। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दोनों अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना जनसुरक्षा को सर्वोपरि रखा, जो पुलिस सेवा के सर्वोच्च आदर्श का उदाहरण है।





दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा एवं विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था, ज़ोन-I) श्री रविंद्र सिंह द्वारा थाना शाहबाद डेयरी, बाहरी-उत्तरी ज़िले के हेड कांस्टेबल कुलदीप एवं कांस्टेबल नीरज को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति प्रदान करते हुए

प्रमुख खुलासे एवं कार्रवाई


पुलिस हिरासत में संजय उर्फ दरिंदा

कुख्यात अपराधी संजय उर्फ दरिंदा व उसके साथी की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी

वसंत विहार सब-डिवीजन क्षेत्र में स्नैचिंग, चोरी एवं सेंधमारी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए थाना आर.के. पुरम की एक विशेष टीम का गठन एसीपी बब्बर भान की निगरानी में तथा एसएचओ इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी के नेतृत्व में किया गया। दिनांक 05–06 फरवरी 2026 को लगभग 3:15 बजे, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने अफ्रीका एवेन्यू रोड के पास संजय उर्फ दरिंदा और उसके साथी जग्गल उर्फ सोनू को घेर लिया। आत्मसमर्पण के लिए कहे जाने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें इंस्पेक्टर त्यागी और एसआई सत्येंद्र दहिया की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें संजय घायल हो गया और दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। संजय के पास से एक 7.65 एमएम पिस्टल व जिंदा कारतूस/खोखे बरामद हुए, जबकि सोनू के कब्जे से एक देशी कट्टा, फायर किए गए कारतूस तथा चोरी के औजार बरामद किए गए। इस संबंध में थाना आर.के. पुरम में एफआईआर संख्या 31/26 दिनांक 06.02.2026, बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई है। संजय एक कुख्यात अपराधी है, जो 100 से अधिक मामलों में शामिल रहा है, जबकि सोनू करीब 10 मामलों में वांछित है। दोनों ने सितंबर 2025 में जेल से रिहा होने के बाद पुनः अपराध करना शुरू कर दिया था।

'तेजस' इंटीग्रेटेड हाईवे पेट्रोल वाहन का शुभारंभ

27 फरवरी 2026 को दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस द्वारा "तेजस" इंटीग्रेटेड हाईवे पेट्रोल वाहन का शुभारंभ किया गया। यह अत्याधुनिक, तकनीक-सक्षम पेट्रोलिंग यूनिट है, जिसे हाईवे एवं प्रमुख सड़कों पर आपातकालीन और उच्च जोखिम वाली स्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। इस वाहन को विशेष पुलिस आयुक्त श्री मधुप कुमार तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि "तेजस" आधुनिक एवं नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह इंटीग्रेटेड पेट्रोल वाहन एक ही प्लेटफॉर्म पर सड़क दुर्घटनाओं, चलती गाड़ियों में होने वाले अपराध, चिकित्सा आपात स्थिति तथा आपदा से जुड़ी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है।


'तेजस' का शुभारंभ

सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले अपराधियों पर दक्षिण-पूर्वी ज़िला पुलिस की कार्रवाई

दक्षिण-पूर्वी ज़िला, दिल्ली पुलिस द्वारा एक लक्षित एवं खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के तहत अवैध हथियार रखने और सोशल मीडिया पर उनका प्रदर्शन कर जनता में डर फैलाने तथा हिंसा का महिमामंडन करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। यह अभियान डीसीपी दक्षिण-पूर्वी ज़िला डॉ. हेमंत तिवारी के समग्र निगरानी में चलाया गया, जिसमें उन अपराधियों को निशाना बनाया गया जो ऑनलाइन माध्यमों के जरिए आपराधिक दबदबा दिखाने का प्रयास कर रहे थे। इस संयुक्त कार्रवाई के तहत, 6 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनमें दो विधि-विरुद्ध आचरण में संलिप्त बालक (CCLs) भी शामिल हैं। ये सभी आरोपी जैतपुर, लाजपत नगर, बदरपुर, जामिया नगर, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, सनलाइट कॉलोनी एवं कालिंदी कुंज थाना क्षेत्रों से पकड़े गए।



अपराधी सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराते हुए

लश्कर-ए-तैयबा (LeT) मॉड्यूल का भंडाफोड़; बड़ी आतंकवादी विरोधी कार्रवाई में 8 आरोपी गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी आतंकवाद-रोधी कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 8 कट्टरपंथी आरोपियों को गिरफ्तार किया। दिनांक 08.02.2026 को थाना सुप्रीम कोर्ट मेट्रो में CISF द्वारा जनपथ मेट्रो स्टेशन पर पाकिस्तान एवं आतंकवादी समर्थित पोस्टर लगाए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस सूचना के आधार पर स्पेशल सेल की टीमों ने, इंस्पेक्टर सुनील राजैन एवं इंस्पेक्टर धीरज के नेतृत्व में तथा एसीपी राहुल विक्रम एवं डीसीपी अमित कौशिक की निगरानी में, दिल्ली, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और तिरुप्पुर (तमिलनाडु) में समन्वित छापेमारी की। गिरफ्तार 8 आरोपियों में से 7 बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनाकर रह रहे थे। इनका संचालन बांग्लादेश में बैठे एक कश्मीरी LeT आतंकी द्वारा किया जा रहा था।

यह मॉड्यूल भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी (जांच) कर चुका था। मॉड्यूल का सरगना शब्बीर अहमद लोन (श्रीनगर निवासी, वर्तमान में बांग्लादेश में) जो पूर्व में वर्ष 2007 के एक स्पेशल सेल मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिससे AK-47 राइफल और ग्रेनेड सहित हथियार बरामद हुए थे। तलाशी के दौरान आतंकवादी प्रचार सामग्री, 10 मोबाइल फोन (आपत्तिजनक सामग्री सहित), 25 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, 5 पीओएस मशीनें तथा बांग्लादेशी पासपोर्ट एवं पहचान दस्तावेज बरामद किए गए।

दिल्ली पुलिस की समयबद्ध कार्रवाई से संभावित आतंकी हमलों को टाल दिया गया तथा सीमा-पार आतंकी नेटवर्क को करारा झटका दिया।

ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में पीसीआर टीम की तत्परता, गार्डों को बचाया और चोर को पकड़ा

दक्षिण-पूर्व ज़ोन की पीसीआर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-I, नई दिल्ली में देर रात हुई घटना के दौरान दो सुरक्षा गार्डों को सुरक्षित बचाया और एक चोर को गिरफ्तार किया।


पुलिस टीम की गिरफ्त में चोर

दिनांक 19.02.2026 को प्रातः लगभग 3:38 बजे फैक्ट्री में चोरी की सूचना मिली। टीम मात्र 5 मिनट में मौके पर पहुंची, जहां मुख्य गेट अंदर से बंद था और दो गार्ड एक कमरे में बंद पाए गए।

सायरन बजते ही आरोपी छत के रास्ते भागने की कोशिश करने लगा। कांस्टेबल शिव कुमार साहस का परिचय देते हुए कंटीली तारों वाली दीवार लाँघ कर परिसर में दाखिल हुआ, जबकि एसआई राजेश ने रणनीति के तहत स्थिति संभालते हुए अतिरिक्त बल को बुलाया। कुछ ही देर में MPV K-57A भी मौके पर पहुंच गई। लगातार प्रयासों के बाद एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी फरार होने में कामयाब हो गया। इसके बाद टीम ने गेट खोलकर दोनों गार्डों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस संबंध में थाना ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में एफआईआर संख्या 93/2026 दर्ज की गई है।

पीसीआर टीम (बाहरी उत्तरी ज़ोन) ने नवजात शिशु को सुरक्षित बचाया

दिनांक 22.02.2026 को रात करीब 12:46 बजे पर तैनात पीसीआर स्टाफ को कूड़ेदान में नवजात शिशु मिलने की सूचना प्राप्त हुई।

टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शिशु को कूड़े के ढेर में पाया। बिना समय गंवाए और बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए टीम ने तुरंत शिशु को उठाकर SRHC अस्पताल, नरेला पहुंचाया, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। शिशु को ड्यूटी स्टाफ की देखरेख में सौंप दिया गया।


अस्पताल में नवजात शिशु के साथ PCR स्टाफ़

दिल्ली पुलिस अधिकारी की सूझबूझ से बची एक व्यक्ति की जान

दिनांक 18.02.2026 को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के एसएचओ श्री तेज दत्त गौर ने अपनी सतर्कता और साहस का परिचय देते हुए एक व्यक्ति की जान बचाई।

नियमित गश्त के दौरान एक कार के अंदर गंभीर हालत में व्यक्ति मिला, जिसकी गाड़ी अंदर से लॉक थी। पुलिस टीम ने तुरंत कार का शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाला और समय रहते सीपीआर (CPR) देकर उसकी जान बचाई।



एसएचओ श्री तेज दत्त गौर (थाना राजीव चौक मेट्रो)

ज़हर देकर मारने वाले केस का खुलासा, कुख्यात तांत्रिक गिरफ्तार

बाहरी ज़िला पुलिस ने एक सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक स्वयंभू तांत्रिक को गिरफ्तार किया है, जिसने आर्थिक लाभ के लिए सुनियोजित साजिश के तहत तीन लोगों की हत्या की। आरोपी कमरुद्दीन उर्फ बाबा, निवासी फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश), लोनी और फिरोजाबाद में फर्जी तांत्रिक केंद्र चलाता था। वह "धनवर्षा" (अचानक धन लाभ) का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाता था। विश्वास जीतने के बाद वह लड्डुओं में जहरीला पदार्थ मिलाकर उन्हें खिलाता और नकदी व कीमती सामान लूट लेता था। दिनांक 08.02.2026 को थाना पश्चिम विहार ईस्ट में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कार के अंदर तीन लोगों के अचेत अवस्था में होने की सूचना थी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एक बुजुर्ग, एक अधेड़ व्यक्ति तथा एक महिला को पाया। तीनों को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

मृतकों की पहचान रणधीर (76), निवासी बापरोला; शिव नरेश (42), प्रॉपर्टी डीलर, निवासी नगली डेयरी; तथा लक्ष्मी (40), निवासी जहांगीरपुरी के रूप में हुई। परिजनों ने आत्महत्या की संभावना से इनकार करते हुए साजिश की आशंका जताई। जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि तीनों मृतक आरोपी के संपर्क में थे और घटना से एक दिन पहले तथा उसी दिन लोनी गए थे। साक्ष्यों से यह भी स्पष्ट हुआ कि कमरुद्दीन उनके साथ कार में मौजूद था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि उसने पीड़ितों को एक अनुष्ठान के लिए ₹2 लाख, शराब और कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था करने के लिए कहा था। यात्रा के दौरान उसने उन्हें जहर मिले लड्डू खिलाए, जिससे वे अचेत हो गए, और वह नकदी लेकर फरार हो गया।

आरोपी एक आदतन अपराधी है और पूर्व में हत्या एवं अपहरण जैसे गंभीर मामलों में भी संलिप्त रहा है।



पुलिस हिरासत में कमरुद्दीन उर्फ बाबा

ऑपरेशन “CyHawk 3.0”

दिल्ली पुलिस द्वारा साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क एवं उनके वित्तीय तथा डिजिटल तंत्र के खिलाफ एक बड़े स्तर पर खुफिया जानकारी आधारित अभियान “ऑपरेशन CyHawk 3.0” सफलतापूर्वक चलाया गया। यह अभियान 05–06 फरवरी 2026 को संचालित किया गया, जो पिछले चार महीनों में इस प्रकार की तीसरी बड़ी कार्रवाई है और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के प्रति दिल्ली पुलिस की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अभियान के तहत दिल्ली सहित 10 से अधिक राज्यों—पूर्व में असम और अरुणाचल प्रदेश से लेकर पश्चिम में राजस्थान और गुजरात, उत्तर में पंजाब और हरियाणा से लेकर दक्षिण में केरल तक—एक साथ कार्रवाई की गई, जिसमें 5,000 से अधिक पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

ऑपरेशन के दौरान कई बड़े मामलों का खुलासा हुआ। एक मामले में फर्जी आरटीओ ऐप से जुड़े धोखाधड़ी प्रकरण में ₹22 लाख नकद, विदेशी मुद्रा तथा 1.8 किलोग्राम से अधिक सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए।

दूसरे मामले में ₹9.28 करोड़ से अधिक की राशि को म्यूल खातों के माध्यम से घुमाने वाले एक निवेश धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया, जिसमें सिम कार्ड, मोबाइल फोन, चेक बुक, एटीएम कार्ड तथा डिजिटल भुगतान उपकरण जब्त किए गए। एक अन्य मामले में असम और तवांग से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से सोना, कई डिजिटल उपकरण बरामद हुए तथा लगभग ₹30 लाख की क्रिप्टोकरेंसी को फ्रीज किया गया। कुल मिलाकर, इस अभियान ने साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

6,552
व्यक्तियों को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया

955
आरोपियों को गिरफ्तार किया गया या पाबंद किया गया

2,563
व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई

299
नई एफआईआर दर्ज की गई तथा

262 पुराने मामलों को लिंक किया गया

3,180 NCRP शिकायतें आपस में जुड़ी पाई गई, जिनमें कुल ₹627 करोड़ की ठगी शामिल थी। ऑपरेशन CyHawk 3.0 साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के वृहत पैमाने और जटिलता को उजागर करता है तथा उन्हें ध्वस्त करने में समन्वित और खुफिया-आधारित पुलिसिंग की प्रभावशीलता को दर्शाता है

PFWS मिशन ओलंपिक्स: भविष्य के श्रेष्ठ खिलाड़ियों (Champions) का निर्माण

"PFWS मिशन ओलंपिक्स" के तहत आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2026 का समापन समारोह 7 फरवरी 2026 को न्यू पुलिस लाइन्स स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसके साथ तीन दिवसीय खेल आयोजन का सफल समापन हुआ।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश गोलछा तथा विशेष अतिथि के रूप में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एवं पद्मश्री से सम्मानित श्री योगेश्वर दत्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती रचना गोलछा, अध्यक्ष, PFWS, के साथ दिल्ली ओलंपिक संघ, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ONGC) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान किए गए। PFWS के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 132 पदकों में से 82 पदक अपने नाम किए, जिनमें 32 स्वर्ण, 26 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं, साथ ही कई टीम ट्रॉफियां भी जीतीं।

सभा को संबोधित करते हुए श्री सतीश गोलछा ने विजेताओं को बधाई दी और खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु खेल से जुड़ी बेहतर व् अत्याधुनिक सुविधाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्रीमती रचना गोलछा ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की और सहयोगी संगठनों के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, श्री योगेश्वर दत्त ने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन

विशेष पुलिस आयुक्त/एचआरडी श्री रॉबिन हिबू द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत

एथलीट्स मार्च पास्ट में भाग लेते हुए

उत्तम दृष्टिकोण एवं नवाचार

थाना ख्याला में 'युवा स्किल सेंटर' का उद्घाटन

दिल्ली पुलिस सप्ताह के अवसर पर पश्चिमी ज़िला पुलिस ने सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करते हुए थाना ख्याला में 'YUVA स्किल सेंटर' का उद्घाटन किया। इस पहल के तहत 20 युवाओं को एडवांस टेलरिंग कोर्स में नामांकित किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें प्रोफेशनल सिलाई एवं गारमेंट डिजाइनिंग कौशल प्रदान कर रोजगार या स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

इसके अतिरिक्त, थाना तिलक नगर में आयोजित समारोह में 20 प्रशिक्षुओं को लिए सर्टिफिकेट वितरित किया, जिन्होंने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत ब्यूटी केयर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। उल्लेखनीय है कि इनमें से 4 प्रशिक्षुओं को स्थानीय सैलून में इंटर्नशिप के अवसर भी प्राप्त हुए।



थाना ख्याला में प्रशिक्षुओं को कौशल प्रमाण पत्र प्रदान किए गए

बुक बैंक के लिए पुस्तक दाताओं का सम्मान

पश्चिमी ज़िला पुलिस द्वारा बुक बैंक पहल में सहयोग देने वाले नागरिकों को सम्मानित करने हेतु एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 13 व्यक्तियों—जिनमें स्कूल प्रिंसिपल और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे—को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



पश्चिमी ज़िले के डीसीपी द्वारा पुस्तक दाताओं का सम्मान

ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से दिल्ली पुलिस निरंतर कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए युवाओं को सशक्त बना रही है तथा समुदाय के साथ मजबूत संबंध स्थापित कर आर्थिक उन्नति और सामाजिक स्थिरता में योगदान दे रही है।



पश्चिमी ज़िले के डीसीपी द्वारा ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों को पुस्तकों का वितरण

कृतज्ञतापूर्ण विदाई

27 फरवरी 2026 को आदर्श ऑडिटोरियम, दिल्ली पुलिस मुख्यालय में एक भव्य पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली पुलिस के 88 कर्मियों को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर अगले मानद रैंक से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, दिल्ली श्री सतीश गोलछा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को नई रैंक से अलंकृत करते हुए उनके वर्षों की समर्पित एवं निष्ठापूर्ण सेवा को सम्मानित किया।



गौरव के साथ सेवानिवृत्ति

एसीपी
राजीव कुमार



एसीपी
राज कुमार



एसीपी
संतोष कुमार



एसीपी
सुनील तंवर





एसीपी
दिनेश शर्मा



एसीपी
आशा ठाकुर



एसीपी
हरीश चंदर

सोशल मीडिया जनसंपर्क की

झलकियां







दिल्ली पुलिस: सुर्खियां

THE ASIAN AGE

Police chief eyes making Delhi drug-free

299 grams of smack worth ₹2cr seized in outer Delhi; 2 nabbed

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, FEB. 26

New Delhi, Feb. 26: The Delhi police chief has set his sights on making the national capital drug-free, with a special focus on curbing narcotics abuse in JJ clusters that are considered vulnerable to drug trafficking and consumption, an official said on Thursday. At the first crime review meeting of 2026 held in January, Delhi police commissioner Satish Golchha made it clear that eliminating the drug menace would be among the top priorities of the force for the year.

Mr Golchha has directed all deputy commissioners of police (DCPs) to submit detailed action plans aimed at eradicating the supply and consumption of narcotics in slums under their jurisdictions, a senior police officer told media.

"The commissioner has given clear instructions that we must not allow drugs to destroy the future of our youth. JJ clusters are particularly vulnerable and need focused intervention," the officer said.

According to th... DCPs have been ... identify active dr... ers and peddlers o... in these areas and... their criminal st... whether they hav... arrested, are on b... are absconding.

Where legally fe... steps such as exter... proceedings and p... tive detention und... Prevention of ... Traffic in Narcoti... and Psyc... Substances (PI... Act, 1988, are be... ined.

The Delhi police has arrested two alleged drug peddlers and seized 299 grams of smack worth around ₹2 crore, officials said on Thursday. The accused have been identified as Manav (24), a resident of Budh Vihar in Rohini and Harish Chander (24), a resident of Sangam Vihar, they said.

According to the police, information regarding the trafficking of smack was received on February 20. Acting on the input, a team laid a trap in the Raj Park area. During the operation, Manav was arrested, and 268 grams of smack was recovered from his possession.

Hindustan Times @100

A 'reel' rescue: Woman falls into drain; Delhi police step in

...l to highlight sanitisation issues in her area turned nearly ...man fell into an open drain and had to be rescued



...residence. According to police, she was attempting to highlight sanitation issues and the unchecked dumping of waste when she lost her footing and fell into the water. The drain, according to locals, is often surrounded by garbage and lacks proper barricading in certain stretches.

A senior officer said that a police patrol vehicle passing by stopped immediately after hearing cries for help. By the time officers reached her, Ishawna was submerged up to her neck. Using a rope, the team managed to pull her out.

Police confirmed that she escaped without injuries and did not need medical treatment. Officers added that the episode underscores the dangers of filming content in unsafe surroundings.

According to locals, parts of the drain remain poorly barricaded and are frequently lined with garbage.

The incident also comes amid increasing concern over risky behaviour linked to content creation. In a separate episode last week, a 22-year-old woman in Uttar Pradesh's Banda district reportedly lost her life while recording a video inside her home.

...S THE INTERNET ...R USING A ROPE ...ET

THE HINDU

Couple accused of racial abuse arrested, sent to 14-day judicial custody

Police add SC/ST Act charges to FIR; no place for hate, discrimination, intimidation in Delhi, CM... strong action will be initiated. We'll ensure no one ill-treats people from the Northeast, says Rijiju

The Hindu Bureau
NEW DELHI



Ruby Jain (left) and her husband Harish Singh are accused of hurling racial slurs at three women from Arunachal Pradesh. Delhi CM Rekha Gupta interacting with the women at her office on Wednesday. ANI

The Delhi police on Wednesday arrested the couple — Harish Singh and Ruby Jain — accused of racially abusing three women from Arunachal Pradesh at their Mahipa Nagar residence on February 20.

The two were presented before a court, which remanded them in 14 days' judicial custody. The police have added charges under the Scheduled Caste and Scheduled Tribe (Prevention of Atrocities) Act, 1989 to the FIR registered under various Bharatiya Nyaya Sanhita sections, including those pertaining to criminal intimidation, outraging the modesty of women, and promoting enmity between groups, said a senior police officer.

An Assistant Commissioner of Police-rank officer has taken over the probe, the officer added.

Union Minister Kiren Rijiju and Arunachal Pradesh Chief Minister Pema Khandu on Wednesday said attrocities against people from the Northeast will not be tolerated and expressed solidarity with the victims.

'Office Bell support'

Meanwhile, Delhi Chief Minister Rekha Gupta ... the three women and assured them of her full support. "Today, I met our young friends from the North East who were affected by the recent distressing incident in Delhi. They are resilient, courageous, and full of promise. I have assured them of my full support during this difficult time," she said on X.

The CM added, "I want to make it clear that Delhi is a city of diversity, respect, and mutual dignity. Strictest action will be taken against the miscreants involved in this incident. There is absolutely no place for hatred, discrimination, intimidation, or racial abuse in Delhi. Such behaviour is unacceptable and will not be tolerated under any circumstances."

Ms. Gupta urged ... issue and respect the privacy of the victims.

'In touch with police'

Mr. Rijiju said he has been in touch with the authorities concerned since the day the incident was reported.

"I personally have spoken to the police officers ... made, and strong legal action will be initiated. We will ensure that no one ill-treats anyone from the Northeast," the Union Minister told reporters.

Later, in a post on X, he stated: "The lady who insulted and abused our 3 Arunachalee girls in Mahipalpur, New Delhi has been arrested. Stringent action will be taken as per law. The male has also been booked. The charges ... prehest will be filed at the earliest."

Mr. Khandu said, "We stand firmly with our three sisters, and their safety, dignity, and justice remain our highest priority."

The incident

The incident occurred during the installation of an air conditioner in the women's fourth floor residence.

During the process, dust and debris reportedly fell onto the lower floor where the couple resided, triggering a sharp reaction.

What began as an argument over the repair work soon escalated into a heated verbal exchange, during which the couple allegedly made derogatory and racial remarks against the women, as per the ... (With inputs fr...

THE TIMES OF INDIA

Interstate drug racket busted, three arrested

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Delhi Police has busted an interstate psychotropic drugs racket. Three accused have been arrested, and 31 kg of alprazolam has been seized, police said on Saturday.

Acting on a tip-off, two suspects were intercepted near the Nand Nagri Bus Depot. The accused travelled in a car when police found a commercial quantity of alprazolam tablets, estimated at nearly 3 lakh pills, along with packaging and manufacturing material.

The arrested men were identified as Shamim (30) and Rajeev Sharma (35), both residents of Uttar Pradesh. Police traced the vehicle's ownership to Mohit Gupta (35), who was also later arrested. Further probe revealed an organised supply chain involving illegal manufacturing of alprazolam at an illicit unit in Himachal Pradesh and its distribution across Uttar Pradesh and the ... through local pharmacies. An FIR was re... the NDPS Act.

Hindustan Times @100

4,000+ traffic personnel to manage AI summit routes

Karn Pratap Singh



...progress. Our objective is to ensure minimum inconvenience to the public on roads during the event," said additional commissioner of police (traffic) Dinesh Kumar Gupta, who is the in-charge for the AI Summit traffic arrangements plan.

According to the traffic plan, seen by HT, areas in and around Bharat Mandapam – the summit venue near Pragati Maidan – have been divided into two traffic zones, marked Zone I and Zone 2, and four traffic sectors labelled A, B, C and D.

Each zone will be headed by a ... According to the officer, Sardar Patel Marg, Shanti Path, Teen Murti Marg, Gol Marke, Prithviraj Road and C Hexagon – known better as the India Gate Circle – will be the key routes for VVIP movement during the event.

Apart from the 22 ACPs heading traffic sectors, one ACP will be present in the pilot vehicle of each foreign delegate's motorcade.

"One traffic inspector will act as the warning officer in each motorcade. The warning officer's job will be to ensure a clear passage for the motorcade, for which announcements will be made using the public address system installed in the official vehicle," the officer added.

Briefings of traffic police officials, outlining the traffic arrangement plan and detailing duties and responsibilities during the event, have started at Bharat Mandapam from Mo... day, officials said.

The A...

NBT नवभारत टाइम्स

7.5 करोड़ की ड्रग के साथ दंपती समेत तीन को दबोचा



फैमिली की आड़ में कार रहे थे तस्करी, 1.504 ग्राम हेरोइन बरामद

2 करोड़ की कमिटी के नाम पर ठगी, पति-पत्नी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कार में 'फैमिली' की तरह सफर करते हुए हेरोइन की तस्करी करने वाले गिरोह का ज्यादम ग्रांग ने भंडाफोड़ किया है। नरायना गांव निवासी मुख्य आरोपी आरिफ (46), उसकी पत्नी निलोफर अली (30) और इनसे माल खरीदने वाले भलस्वा डेरी के जुम्मन (32) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनसे 1.504 किग्रा हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत इंटरनेशनल मार्केट में करीब 7.5 करोड़ रुपये बताई गई है।

डीसीपी (ज्यादम) संदीप कुमार यादव के मुताबिक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) पश्चिमी जिलाने आरोपी आरिफ के हेरोइन लाकर खजिपचार के लोनी और दिल्ली के विभिन्न हिस्से में सप्लाई करने की खुफिया जानकारी मिली। यह पुलिस को पकड़ने के लिए रात के अंधेरे में कार से पानी के साथ 'फैमिली यात्रा' दिखाने की कोशिश करता। दोनों को पेट्रोल बॉर्डर रोका गया। तलाशी में 303 ग्राम हेरोइन आरोपियों से, जबकि 1007 ग्राम कार की सिटली सीट पर रखे पैन से बरामद हुई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये भलस्वा डेरी निवासी जुम्मन को ही ड्रग्स सप्लाई करते थे। भलस्वा डेरी स्थित जेके कॉलोनी में छापेमारी कर जुम्मन को गिरफ्तार किया गया, जिसके घर से 594 ग्राम हेरोइन और बरामद की गई। मुख्य आरोपी आरिफ पहले गाजीपुर मार्केट में अपार्टमेंट था, जिसकी कोविड के दौरान नौकरी छूटी तो टैक्सी चलाने लगा। इसी दौरान दोस्तों के ड्रग्स बिजनेस से संपर्क हुआ तो पानी समेत सप्लाई चेन का हिस्सा बन गया। आरोपी जुम्मन इलेक्ट्रीशन था, जो रेलवे लाइन पर पुट्टिय बना कर बेचता था।

कार में 'फैमिली' की तरह सफर करते हुए करते थे तस्करी

नोटे गुनाफे का झांसा देकर 48 पीड़ितों को चूना लगा हो गए थे फरार

NBT नवभारत टाइम्स

बुजुर्ग से डिजिटल ठगी में 3 अरेस्ट

2 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर गैंग ने ऐंठे थे 16 लाख

2 मिनट में पढ़ें



सफदरजंग एनक्लेव डिस्ट्रिक्ट साइबर थाना की एक बुजुर्ग महिला ...डिजिटल अरेस्ट करके ...को ठगी करने वाले एक ...किया है। राजस्थान के ...ताली में छापा मारकर ...ोपी से गिरफ्तार भी ...के पास 1 ...बदल, 10 ...धक चुक ...ोपी की ...ाण, छोटू ...ोविंद गुर्जर के रूप ...स्थान के अलग-...वासी है। डीसीपी ...पाल के अनुसार ...25 को शिकायत ...ामले महिला को ...मले ठगी की ...ल को ठगों ने ...कॉल किया ...केस

लाख रुपये ऐंठे गए थे। एसीपी ऑपरेशन विजय कुमार की देखरेख में SHO प्रवेश कौशिक, सब-इंस्पेक्टर चेतन राणा, हेड कॉन्स्टेबल मोहित और विजयपाल की टीम इन आरोपियों तक पहुंची। ये लोग कई चैक अकाउंट का इस्तेमाल चीटिंग के लिए कर रहे थे। अकाउंट राजस्थान के कोटपुतली इलाके से ऑपरेट किए जा रहे थे। सबसे पहले आरोपी की पहचान पुलिस ने योगेंद्र गुर्जर के रूप में की, उसे जब हिरासत में लिया गया। और पूछताछ हुई तो चाकरी और दो साथियों के बारे में उसने बताया। फिर उन दोनों को भी पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि ये लोग कंबोडिया से ऑपरेट होने वाले चीटर के संपर्क में थे। ये उनको मल्टीपल म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराते थे। भारत में इस गैंग का ...

ठगों ने CBI इंस्पेक्टर बनकर कॉल किया था

अलर्ट! CPCB कर्मी बताकर कर रहे ठगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सीपीसीबी के कर्मी बनकर कुछ लोग उद्योगों से ठगी कर रहे हैं। साथ ही उनके यहां नोटिस भी लगा रहे हैं। विभाग ने इस तरह की शिकायतों आने के बाद उपभोक्ताओं के लिए एक नोटिस और अडवाइजरी जारी की है। अडवाइजरी के अनुसार, कुछ लोग सीपीसीबी के अधिकारी और कर्मचारी होने का झूठा दावा कर रहे हैं। फर्जीवाड़ा की जांच और निगरानी के नाम पर यह लोग उद्योगों, निर्माण स्थलों में एंट्री करते हैं। इसके बाद यह कुछ निर्देश जारी करते हैं और नोटिस भी देते हैं। कुछ लोग गलत तरीके से सीपीसीबी के अडवाइजर के रूप में भी अपनी पहचान बता रहे हैं और विभिन्न काम करवाने का दावा कर रहे हैं। विभाग ने अपनी अडवाइजरी में कहा है कि सीपीसीबी ने न तो किसी रजत्राकार को नियुक्त किया है और न ही सीपीसीबी ऐसे किसी रजत्राकार की बात पर ...

सीपीसीबी ने जारी की अडवाइजरी

millenniumpost
NO HALF TRUTHS

Auto-rickshaw driver, woman nabbed with Rs 5 crore heroin

NEW DELHI: Two alleged drug suppliers, including a woman, were arrested in north Delhi's Gulabi Bagh area while they were en route to deliver heroin worth Rs 5 crore, police said on Tuesday.

The accused have been identified as Ambe alias Sonia (34) and Chandan Gupta (55), an auto-rickshaw driver, officials said.

Police said Sonia had been involved in drug supply for the past three to four years. Her husband was earlier arrested by the Crime Branch in a Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act case in 2024 and is currently in judicial custody.

The auto-rickshaw driver, who is illiterate, had been involved in drug supply for the past two to three years, police said, adding that he was previously charged with raping his daughter. Around 5 pm on Tuesday, police received information that the two would pass through the Pratap Nagar–Gulabi Bagh area in an auto-rickshaw to supply narcotics.

Based on the tip-off, a police team laid a trap near the Ram Bagh Road in Gulabi Bagh and around 7.15 pm, the auto-rickshaw bearing registration number was spotted coming from the Pratap Nagar side. The vehicle was intercepted at the instance of the informer.

Police seized 1.058 kg heroin, arrested two accused, impounded the auto-rickshaw, registered an NDPS case, and launched raids to nab the absconding supplier. MP05T


WARENESS PROGRAM FOR SENIOR
IZENS (Stay Safe In Cyber world)
• Cyber Awareness + Caution = Cyber Protection
• Together we can create a safe digital Delhi for se
What is Cyber fraud?



